# रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज



प्रो० (डॉ०) पूनम
प्राचार्या
रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज
चौकशिकारपुर, पटना सिटी

## (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई)

AISHE-C-12846
NAAC Accredited
चौकशिकारपुर, पटना सिटी, पटना-800009
Email : info@rmpcollegepatna.ac.in
Website : www.rpmcollegepatna.ac.in
Phone No. : 0612-2641451



प्रो० ( डॉ० ) उपेन्द्र प्रसाद सिंह
कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

## COLLEGE NEWS BULLETIN

वर्ष : 2026 अंक : 10 जनवरी-मार्च, 2026 मूल्य : निःशुल्क

## VISION

The long term vision of our college is encapsulated in the following statement-

1. To be center of excellence in higher education with an innovative teaching, learning research activities to cater to the academic needs of the students by providing qualitative education making themself sufficient in life.
2. To provide modern education to promote academic excellence with an ethical dimension and inculcate values in the young girl students, enhancing their quality of life.
3. Our main moto is to educate enable and empower young women for promoting gender equality, social justice and enhancing their quality of life and transforming them into responsible citizen with a commitment towards serving humanity.

## MISSION

1. To impart holistic quality education to girl students of unprivileged cross section of society, and empower them with knowledge, skill and competence and make them self-reliant and socially committed citizens of the country.
2. To create a learning ambience in the College, where research and scholarship flourishes.
3. To provide updated knowledge and skill to the girl students to enable them compete in this highly competitive globalized world.
4. To develop overall personality of the girl students to enable them face the fast changing times with dynamism and confidence.
5. To promote art and culture in the College by regularly organizing such events in the campus and by inviting famous experts to inspire the students.
6. To campaign against environmental pollution and to provide best possible protection to all the College members from all kinds of pollution in the campus.
7. The best possible ancient and modern tools and technique of teaching learning should be used to provide updated knowledge and skills, in the globalised world to the girl student of this college who comes from far flung and remote areas.
8. To enable the students to explore the locally available economic resources for their employment and providing support to the society.





## प्राचार्या को किया गया सम्मानित

दिनांक 24.03.2026 को प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम को Rifacimento International, New Delhi के द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्या को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए दिया गया है। उन्हें Leading light of the year 2026 एवं Outstanding Achievement Award 2026 से नवाजा गया हैं। यह सम्मान राष्ट्रीय तथा वैश्विक स्तर पर इनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए मिला हैं।

इस अवसर पर प्राचार्या ने Rifacimento International नई दिल्ली संस्था के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान भविष्य में शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में और भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देगा। प्राचार्या को मिले सम्मान पर महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित हैं।

## महाविद्यालय की विशेषताएँ

- व्यवसायिक कोर्स BBA, BCA, BLIS एवं MLIS की पढ़ाई
- NSS & NCC Unit NIRF में पंजीकृत
- नियमित वर्ग संचालन
- स्मार्टबोर्ड युक्त कक्षाएँ
- प्रबुद्ध शिक्षकगण
- एकेडमिक कलैन्डर
- ऑनलाइन नामांकन
- ऑनलाइन परीक्षा संबंधी कार्य
- ओटोमेटेड लाइब्रेरी • E-Book
- E-Library
- आधुनिक सुसज्जित विज्ञान प्रायोगशाला
- ड्रेस कोड
- सोलर ऊर्जा
- रेनवाटर हारवेस्टिग प्लांट
- E-वेस्ट मेनेजमेंट
- अनुशासित कार्यालय संपादन
- डाइनेमिक वेबसाइट
- नियमित खेलकूद सक्रियता
- नियमित शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन
- रैम्प की सुविधा
- पूछताछ काउन्टर
- नियमित कैरियर काउन्सिलिंग
- न्यूज बुलेटिन का नियमित प्रकाशन
- Wi-fi कैम्पस
- सी.सी.टी.वी कैमरा
- पीयर टिचिंग सेल
- हेल्थ सेन्टर
- कैंटीन
- ग्रीन आर्मी
- निःशुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग
- निःशुल्क योगा ट्रेनिंग
- निःशुल्क हेल्थ चेक-अप
- निःशुल्क जूडो/कराटे ट्रेनिंग
- निःशुल्क आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग
- नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी संेटर
- छात्र दरबार
- हर्बल गार्डेन
- एंटी रैगिंग सेल

रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय

पटना सिटी

तमसो मा ज्योतिर्गमय

**संरक्षक**

**प्रो0 ( डॉ0 ) पूनम**

प्राचार्या

**संपादक**

**प्रो0 रजिया नसरीन**

अध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग

**सह संपादक**

**प्रो0 अंजु जैन**

अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग

**संपादक मंडल**

**डॉ० प्रीति कुमारी**

असि० प्रो०, प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

**डॉ० पूनम कुमारी**

असि० प्रो० (गणित विभाग)

**डॉ० प्रतिष्ठा गुप्ता**

अध्यक्ष (पर्यावरण विज्ञान विभाग)

**डॉ० लक्ष्मी कुमारी**

असि० प्रो० (अंग्रेजी विभाग)

# प्राचार्या की कलम से................



देश के विकास में आधी आबादी यानी महिलाओं की अहम भूमिका रही है। महिलाओं को शक्तिशाली बनाने में, शिक्षा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज नारी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है। पूर्वी पटना का यह एक महत्त्वपूर्ण महिला कॉलेज है जहाँ बख्तियारपुर तक से छात्रा पढ़ने आती है। यह महाविद्यालय पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का एक अंगीभूत इकाई है तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अपना एक अहम स्थान रखता है। महाविद्यालय अपनी स्थापना के उपरांत लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है तथा अपनी परिधि को बढ़ाता जा रहा है, जिनके लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अलावे अनेक व्यावसायिक एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम महाविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे हैं।

महाविद्यालय 18 विषयों में स्नातक से स्नातकोत्तर स्तर तक कला एवं विज्ञान के अध्ययन अध्यापन का मंच प्रदान करता है। यहाँ BBA, BCA, BLIS एवं MLIS व्यावसायिक कोर्स की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। नालन्दा ओपन विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र भी महाविद्यालय में है जिससे पूर्वी पटना के छात्र–छात्राओं को लगभग 100 विषयों में Distance Education mode में अध्ययन करने की सुविधा मिल रही है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में 28 शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं 20 स्थायी एवं आउटसोर्सिंग शिक्षकेतर कर्मचारीगण कार्यरत है।

11 सितम्बर 2023 को दूसरी बार रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज में प्राचार्या के रूप में मैंने यहाँ का कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय में योगदान के उपरांत महाविद्यालय का तेजी से विकास करने का मैंने दृढ़ संकल्प लिया और इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया।

तेजी से विकास के लिए समुचित सिस्टम को विकसित करने बुनियादी सुविधाओं को अविलंब बहाल करने, शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने एवं अनुशासन इत्यादि पर सर्वाधिक बल दिया परिणामस्वरूप महाविद्यालय के न सिर्फ भौतिक स्वरूप में बदलाव आने लगा बल्कि लगातार विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं आयोजन के कारण छात्राओं एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन हुआ एवं महाविद्यालय न सिर्फ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में बल्कि पूरे राज्य में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाता जा रहा है। मुझे यह लिखते हुए खुशी एवं गर्व महसूस हो रहा कि कठिन मेहनत एवं सतत प्रयास से दिसम्बर 2024 में महाविद्यालय का नैक से प्रत्यायन भी हो गया है। जिसमें सीमित साधनों एवं बहुत कम शिक्षक रहते हुए महाविद्यालय ने नैक से प्राप्त किया। महाविद्यालय को विकास के स्वर्णिम ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए मैं संकल्पित हूँ। महाविद्यालय में साधन सीमित है, ढेरों बाधाएँ है लेकिन आगे बढ़ते जाना ही ध्येय है, क्योंकि **'मंजिलें उन्हें मिलीं जिनके सपनों में जान है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान है।'**

**प्रो० (डॉ०) पूनम**

**प्राचार्या**

## महाविद्यालय के पदाधिकारीगण



**Prof. Razia Nasrin**
IQAC Co-ordinator



**Prof. Anju Jain**
Bursar



**Prof. Sushma**
Proctor



**Dr. Preeti Kumari**
NSS Program Officer



**Dr. Pawan kumar**
Admission In-charge



**Dr. Merajuddin**
Controller of Examination



**Dr Punam Kumari**
Sports in Charge & ANO (NCC)



**Dr. Prakash Das**
Co-ordinator Job Placement Cell

# Academic & Co-Curricular Activities in Our College












| Date | Programme | Organizing Department |
|---|---|---|
| 12-01-2026 | राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी | IQAC & रिसर्च सेल |
| 13-01-2026 | अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में भागीदारी | खेल समिति |
| 18-01-2026 | ए0 आई0 डेटा साइंस ओरिऐटेशन वर्कशॉप | रिसर्च एवं प्लेसमेंट सेल |
| 26-01-2026 | गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम | सांस्कृतिक समिति |
| 30-01-2026 & 31-01-2026 | 'प्रवृति एवं निवृति' दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी | दर्शन परिषद एवं दर्शनशास्त्र विभाग |
| 17-02-2026 | दो दिवसीय मधुबनी पेंटिग कार्यशाला | गृहविज्ञान विभाग |
| 18-02-2026 | नियमित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच परीक्षण | हेल्थ सेंटर |
| 23-24.02.2026 | अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में भागीदारी | खेल समिति |
| 26-02-2026 | शैक्षणिक परिभ्रमण | प्राचीन इतिहास विभाग |
| 27-02-2026 | 'होली परम्परा से आधुनिकता तक' एक दिवसीय संगोष्ठी–सह–होली मिलन समारोह | सांस्कृतिक समिति |
| 28-02-2026 | बोले पटना | हिन्दुस्तान अखवार |
| 09-03-2026 | अतरंराष्ट्रीय महिला दिवस वर्कशॉप– 'महिला सशक्तिकरण एवं विकसित भारत' | महिला सशक्तिकरण सेल |
| 12-03-2026 | वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता | खेल समिति |
| 24-03-2026 | प्राचार्या को किया गया सम्मानित | Rifacimento International, New Delhi |
| 24-03-2026 | बिहार दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी | सांस्कृतिक समिति |
| 28-03-2026 | प्राचार्या द्वारा अंतरविश्वविद्यालय एवं अंतर महाविद्यालय में विजयी छात्राओं का सम्मान | सांस्कृतिक समिति |
























## राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी

दिनांक 12.01.26 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर "प्रबंधन का क्षेत्र परिचय एवं कैरियर की व्यापक संभावनाएँ" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम IQAC एवं चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के तत्वाधन में किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें सीख दी कि **उठो, जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो।** चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के डॉ0 मनीष मोहन बराल एवं डॉ0 रंजनी ने भी प्रबंधन क्षेत्र की उपयोगिता एवं प्रबंधन शिक्षा पर जानकारी दी। यह कार्यक्रम रिसर्च सेल के समन्वयक डॉ0 प्रकाश दास के द्वारा संचालन किया गया।




## अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में कराटे में छात्राओं की भागीदारी

दिनांक 12 एवं 13 जनवरी 2026 को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय में आर0 पी0 एम0 कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्नेहा कुमारी ने 60 प्लस भार प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान (सिल्वर मेडल) प्राप्त की। प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम ने छात्रा को बधाई देते हुए उसका उत्साहवर्धन किया साथ ही क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 पूनम ने भी छात्रा की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर कॉलेज की समस्त शिक्षकगण ने भी इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर की।




## ए. आई एवं डेटा सांइस ओरिएंटेशन विषय वर्कशॉप में छात्राओं की भागीदारी

दिनांक 18.01.26 को महाविद्यालय की छात्राओं ने ए0 एन0 सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना में आयोजित एक दिवसीय ए0 आई एवं डेटा सांइस ओरिएंटेशन वर्कशॉप में भाग लिया। प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम ने छात्राओं को संबोधित किया तथा बताया कि आज का युग तकनीकी नवाचार का हैं। ए0 आई और डेटा सांइस छात्राओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है तथा छात्राओं को भविष्य के लिए सक्षम बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। इस शैक्षणिक पहल का नेतृत्व डॉ0 प्रकाश दास के द्वारा किया गया।




## दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

दिनांक 30 एवं 31 जनवरी 2026 को महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग एवं दर्शन परिषद बिहार के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "प्रवृति एवं निवृति" का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता माननीय श्री गंगा प्रसाद पूर्व राज्यपाल सिक्किम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम ने किया। प्राचार्या ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह सेमिनार भारतीय दर्शन की शाश्वत परंपरा को समकालीन संदर्भो के साथ जोड़ने का सार्थक प्रयास हैं। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो0 (डॉ0) आर0 सी0 सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष भारतीय दर्शन परिषद एवं राष्ट्रीय फेलो, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला, प्रो0 (डॉ0) पूनम, अध्यक्ष दर्शन परिषद बिहार, प्रो0 (डॉ0) प्रभास कुमार, नालंदा कॉलेज बिहार शरीफ, प्रो0 फौजिया परवीन, विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग ओरिएंटल कॉलेज पटना सिटी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस सेमिनार में कई शेधपत्र प्रस्तुत किये गये। मंच संचालन प्रो0 नागेन्द्र मिश्रा एवं डॉ0 प्रकाश दास के द्वारा किया गया।




## मधुबनी चित्रकारी पर दो दिवसीय कार्यशाला

दिनांक 17.02.2026 को गृहविज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय मधुबनी पेंटिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में छात्राओं ने बड़ी उत्साहपूर्वक भाग ली। प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम ने छात्राओं को संबोधित कर बताया कि मधुबनी पेटिंग हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इस प्रकार की कार्यशालाएँ छात्राओं की रचनात्मकता को निखारने के साथ–साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करती हैं। प्रो0 (डॉ0) रजिया नसरीन के द्वारा यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाणपत्र भी दिया गया।



## नियमित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच परीक्षण शिविर

दिनांक 18.02.2026 को महाविद्यालय में हेल्थ सेन्टर द्वारा नियमित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम ने की। प्राचार्या ने छात्राओं को बताया कि नियमित स्वास्थ्य जाँच से तन और मन सदैव स्वस्थ्य रहेगें। साथ ही पौष्टिक आहार समय पर उठना भोजन करना आदि बातों को भी छात्राओं को बताया। कार्यक्रम का संचालन हेल्थ समन्वयक डॉ0 प्रीति कुमारी एवं सह–समन्वयक डॉ0 नुजहत जहाँ के द्वारा किया गया।



## अंतर महाविद्यालय शतंरज प्रतियोगिता में छात्राओं की भागीदारी

दिनांक 23.02.2026 से 24.2.2026 को अंतर महाविद्यालय शतंरज प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम ने प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छात्राओं को प्रेरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। छात्राओं में मोहिनी कुमारी, अमृता गिरी एवं जुली कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 पूनम कुमारी, डॉ0 वीणा कुमारी, डॉ0 पवन कुमार, डॉ0 अमोल कुमार तथा अन्य शिक्षकों ने छात्राओं का हौसला बढ़ाया।



## प्राचीन इतिहास विभाग द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण

दिनांक 26.02.2026 को महाविद्यालय से प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के द्वारा प्राचीन इतिहास के अध्ययन के उद्देश्य से छात्राओं का एक समूह मौर्यकालीन पुरावशेष के रूप में कुम्हरार पार्क का शैक्षणिक परिभ्रमण करवाया गया। कुम्हरार पार्क प्राचीन मौर्य साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र के अवशेष संजोए हुए एक ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल हैं। प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के नेतृत्व में छात्राओं को रवाना किया गया। इस शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन डॉ0 मनोज कुमार, डॉ0 प्रीति कुमारी, डॉ0 अमोल कुमार एवं डॉ0 दशरथ मंडल के मार्गदर्शन में किया गया।






## एक दिवसीय संगोष्ठी सह होली मिलन समारोह

दिनांक 27.02.2026 को महाविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी ''होली परंपरा से आधुनिकता तक'' सह 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने शिक्षको छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि होली केवल रंगो का त्योहार नहीं हैं बल्कि यह हमारे संस्कृति और परंपराओं को जोड़ने की कड़ी है। होली का उद्देश्य आपसी दुश्मनी मिटाकर मित्रता का भाव उत्पन्न करना हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 (डॉ0) अंजू जैन एवं प्रो0 (डॉ0) रजिया नसरीन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।





## अतंरराष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 09.03.2026 को महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण सेल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ''महिला सशक्तिकरण एवं विकसित भारत'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 अप्सरा मिश्रा, अध्यक्ष, बिहार महिला आयोग सम्मिलित हुई। प्राचार्या ने अपने संबोधन में बताया कि महिलाओं की शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता ही समाज की पूँजी हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत की गई।





## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

दिनांक 12.03.2026 को महाविद्यालय में बार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ0 राजीव रंजन, डी0 एस0 डब्लू पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना, डॉ0 मुकेश कुमार, स्पोर्टस इंचार्ज पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना, दीपाली नंदा राष्ट्रीय खिलाड़ी वेटलिफिटंग, वार्डपार्षद तारा देवी रहे। प्राचार्या ने अपने संबोधन में छात्राओं को खेल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू कुमारी, चेस एवं बैडमिंटन में प्रथम स्थान मोहिनी गुप्ता, ताइक्वांडो में बी0 पी0 कनक, सौ मीटर रेस में सोमवारी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में रिया राज, रिया गुप्ता, अंजू कुमारी, निशा कुमारी, ज्योति शर्मा और मोनिका कुमारी विजयी रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 अंजू जैन एवं धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 पूनम कुमारी के द्वारा किया गया। समापन समारोह में विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।





## बिहार दिवस के अवसर पर आर0 पी0 एम0 महाविद्यालय का परचम

दिनांक 22–24 मार्च 2026 को बिहार दिवसर के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य (एकल) प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा अर्चना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के सम्मान में चार–चाँद लगा दिया। इस प्रतियोगिता में चार विश्वविद्यालय मगध विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय एवं आर्यभट्ट विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं नें भाग लिया था। तीन दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में अलग–अलग विधायें शामिल थी। छात्रा के विजेता होने पर प्राचार्या सहित सभी शिक्षक– शिक्षकेत्तर कर्मी नें अर्शीबाद दिया तथा महाविद्यालय में उत्सव का माहौल हैं।




## प्राचार्या द्वारा सम्मानित छात्रायें

दिनांक 28.03.2026 को महाविद्यालय में अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2026 में छात्राओं के शानदार प्रदर्शन प्राप्त करने पर प्राचार्या ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। अर्चना कुमारी को शास्त्रीय नृत्य सोलों में प्रथम स्थान एवं स्नेहा कुमारी श्रीवास्तव को काव्य पाठ्य में प्रथम स्थान मिला। नाटक प्रतियोगिता में अनिशा, वैष्णवी, कविता, ट्विंकल, राखी, शिवानी, पुष्पा, प्रियंका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की शानदार उपलब्धि पर प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) पूनम ने हर्ष व्यक्त कर सभी छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार में खुशी एवं उत्सव का महौल बना हुआ हैं।



# छात्राओं की कलम से..

## Artificial Intelligence



Artificial Intelligence (AI) is a rapidly growing Technology that is shaping our future in many ways. AI refers to machines and computer systems that can Perform tasks usually requiring human intelligence, such as Learning, problem-solving, and decision-making.

It is widely used today in areas like healthcare, education, transportation, and entertainment. New AI technologies like Chatgpt, Google Gemini, Microsoft Copilot, Claude by Anthropic, Perplexity AI, Meta AI, Grow AI, Jasper AI, and Cursor AI, each excelling in different areas like productivity, content creation or research.

Understanding AI is essential for students because it will influence almost every aspect of our lives in the future. Embracing AI responsibly can lead to a smarter and better world.

**Name: - Riya Gupta**
BSc. Sem-III (Chemistry)

## Unemployment in India Cause of Solution



Unemployment is one of the major socio-economic problems in India, affecting millions of educated & unskilled people rapid population growth, lack of people rapid population growth, lack of proper skill development, slow industrial growth & mismatch between education & job opportunities are major causes. many graduates remain jobless because the education system is more theoretical than practical & rural areas suffer from limited employment in agriculture and increasing automation also add to the problem. Jo reduce unemployment the government must promote skill-based education, encourage entrepreneurship, strengthen vocational training & support startups & small industries.

**Name : Uzma Naushad**
Roll No: - 13 SEM – III , B.Sc. Botany Hons.

## माँ



माँ मेरी है प्यारी–प्यारी,
सारे जग में बड़ी है न्यारी,
माँ ममता का रूप है
कभी छाँव कभी धूप है।।
सारे जग में बड़ी है न्यारी,
माँ मेरी है प्यारी प्यारी।।
इनसे ही पाया है सब–कुछ,
कभी है खुशियाँ और कभी है दुःख,
इनसे ही सीखा हमने,
चलना, हँसना, रोना, बोलना।।
माँ बिना सब जग अधूरा,
हो मन मे सच्चा एहसास,
माँ को देखो आस–पास।।
सारे जग मे बड़ी निराली,
माँ मेरी है प्यारी–प्यारी
माँ के चरणो में स्वर्ग है सुन्दर,
यही हमारे जन्नत है।।
सारे जग मे बड़ी निराली
माँ मेरी है प्यारी प्यारी ।।

**Name : NilKamal Kumari**
Roll No: - 06 SEM – III ,MJC - Ancient History
Session: - 2024-2028

## छात्राओं की उपलब्धि

- **अर्चना कुमारी (बी०ए० IV Sem)**
  अंतर महाविद्यालय एंव अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता एकल शास्त्रीय नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- **स्नेहा श्रीवास्तव (बी.ए. IV Sem)**
  अंतर महाविद्यालय काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया
- **अनीषा वैष्णवी, कविता, टुविन्कल, राखी, शिवानी, पुष्पा, प्रियंका (BLIS)**
  अंतर महावियालय, नाटक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- **बी.पी. कनक (बी.एससी, II Sem)**
  अंतर महाविद्यालय, ताइक्वांडो प्रतियोगिता (अंदर 46 किलो) में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता।
- **सनाया कुमारी (बी.एससी, II Sem)**
  अंतर महाविद्यालय, ताइक्वांडो प्रतियोगिता ( अंदर 66 किलो) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता
- **स्नेहा कुमारी (बी.एससी, IV Sem)**
  अंतर महाविधालय कराटे प्रतियोगिता (60 प्लस भार) में द्वितीय स्थान (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया।
- **मोहिनी कुमारी, अमृता गिरि, जूली कुमारी (बी.ए. IV Sem)**
  अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान (ब्रोन्ज मेडल) प्राप्त किया।

## नारी



इस दुनिया की मान है नारी।
भक्ति का अवतार है नारी।।

घर आँगन की मुस्कान है नारी।
ईश्वर के समान है नारी।।

शक्ति की भंडार है नारी।
धैर्य का प्रमाण है नारी।।

नारी बिन ये जग हैं अधुरा।
जीवन का आधार है नारी।।

सरस्वती का स्वरूप है नारी।
लक्ष्मी का स्वरूप है नारी।।

जब बढ़ जाए अत्याचार।
तो काली–दुर्गा के स्वरूप है नारी।।

जीवन की परिभाषा है नारी।
जगत जननी महान है नारी।।

**Name: - Monika Sinha**
Class: - B.A. Sem –II
MJC – Political Science
Roll No: - 35

# खबरों में कॉलेज

## महिलाओं की शिक्षा व आत्मनिर्भरता ही समाज के विकास की पूंजी

**पटना सिटी (रासासं):** महिला सशक्तिकरण सेल के द्वारा आरपीएम महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं विकसित भारत विषय पर कार्यशाला हुआ। इसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष बिहार महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. अप्सरा मिश्रा भी पहुंचीं। संचालन समन्वयक महिला सशक्तिकरण सेल डॉ. नुजहत जहां ने किया। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. पूनम ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता ही समाज के विकास की पूंजी है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं और समाज को उनकी प्रतिभा को पहचान और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी।

## जैव विविधता के संरक्षण और चुनौतियों पर चर्चा

**जासं, पटना सिटी:** चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कालेज में प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा मंगलवार को जैव विविधता के संरक्षण एवं चुनौतियों पर प्राचार्या प्रो. डा. पूनम की अध्यक्षता में संगोष्ठी हुई। प्रकृति में संतुलन बनाने के लिए जैव विविधता संरक्षण पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि नेशनल डाल्फिन रिसर्च सेंटर के निदेशक डा. गोपाल शर्मा ने गंगा में डाल्फिन के संरक्षण, नदियों के प्रदूषण, जल परिस्थितियों पर बढ़ते खतरों के बारे में जानकारी दी। नवीन कुमार ने दुर्लभ प्रजाति की पक्षियों को रेखांकित करते हुए उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कर्नल अमित सिन्हा ने वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण पर बल दिया। विभागाध्यक्ष डा. मोहित सरदाना ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## छात्राओं ने कार्यशाला में सीखा मधुबनी पेंटिंग का हूनर



पटना सिटी/संवाददाता। आरपीएम महाविद्यालय के गृह विज्ञान के द्वारा पारंपरिक लोक कला को प्रोत्साहित करने एवं स्वरोजगार के उद्देश्य से दो दिवसीय मधुबनी पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। पिडिलाइट की प्रशिक्षक उपासना ने विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने समापन समारोह में कहा कि मधुबनी पेंटिंग हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। इस प्रकार की कार्यशाला छात्राओं की रचनात्मकता को निखारने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करती है। गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रोडॉ रजिया नसरीन के मार्गदर्शन में कार्यशाला हुआ। प्रतिभागी छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण प्राचार्या प्रोडॉ पूनम, प्रोडॉ अंजू जैन एवं प्रोडॉ रजिया नसरीन के द्वारा किया गया।

हिन्दुस्तान

## आरपीएम कॉलेज में विकसित भारत पर कार्यशाला

पटना सिटी। चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कॉलेज में महिला सशक्तीकरण व विकसित भारत विषय कार्यशाला सह प्रतियोगिता आयोजित हुई। उद्घाटन करते हुए महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. अप्सरा मिश्र ने कहा कि महिला सशक्तीकरण का मतलब आत्मनिर्भर होना और अपने अधिकारों के प्रति सजग व जागरूक रहना है। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो डॉ. पूनम व संचालन समन्वयक प्रो डॉ. नूजहत जहां ने किया। छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

10.3.2026

**महिला रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया**

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर आर.पी.एम. कॉलेज में प्रबंधन कैरियर पर प्रेरक संवादात्मक सत्र का आयोजन



दस्तक प्रभात प्रतिनिधि

पटना सिटी। राष्ट्रीय युवा दिवस एवं युवाओं के महान प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के पावन अवसर पर रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय, में "प्रबंधन का क्षेत्रःपरिचय एवं कैरियर की व्यापक संभावनाएँ" विषय पर एक प्रभावशालीएवं, प्रेरणादायक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में IQAC के तत्वावधान तथा चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना के सहयोग से सम्पन्न हुआ। अपने उद्घाटन संबोधन में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने स्वामी विवेकानंद को युवाशक्ति का शाश्वत प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि —"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए । आज रंजनी ने प्रबंधन क्षेत्र की उपयोगिता एवं व्यवस्था प्रबंधन शिक्षा और उसके बहुआयामी करियर विकल्पों से परिचित पर प्रकाश डालते हुए कहा-"प्रबंधन केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की समग्र दृष्टि प्रदान करता है। कार्यक्रम संयोजक एवं रिसर्च सेल के को-ऑर्डिनेटर डॉ. प्रकाश दास ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए कहा - प्रबंधन मैनेजमेंट कोर्सेज, उद्यमिता एवं कॉर्पोरेट जगत में अवसरों को लेकर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने व्यावहारिक एवं प्रेरणादायक उत्तर दिया।

संगोष्ठी में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। शोध समिति के सदस्यगण डॉ. वीणा कुमारी एवं डॉ. अमोल कुमार ने सक्रिय सहभागिता की।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन डॉ. वीणा कुमारी के द्वारा किया गया, जिसमें

## महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत पर कार्यशाला का किया गया आयोजन



दस्तक प्रभात प्रतिनिधि

पटना सिटी। महिला सशक्तिकरण सेल के द्वारा महाविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'महिला सशक्तिकरण एवं विकसित भारत' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अप्सरा मिश्रा, अध्यक्ष बिहार महिला आयोग सम्मिलित हुई। इस कार्यक्रम का संचालन समन्वयक महिला सशक्तिकरण सेल डॉ. नुजहत जहाँ ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन और स्वागत गान से हुई। कॉलेज की प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा महिलाओं की शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता ही समाज की विकास की पूंजी है। उन्होंने छात्राओं को

## आरपीएम कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'प्रवृत्ति और निवृत्ति' का उद्घाटन पूर्व राज्यपाल ने किया



दस्तक प्रभात प्रतिनिधि

पटना सिटी। आर.पी.एम. कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा दर्शन परिषद्, बिहार के सहयोग से आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रवृत्ति एवं निवृत्ति का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता एवं उद्घाटन माननीय श्री गंगा प्रसाद पूर्व राज्यपाल, सिक्किम द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में राज्यपाल महोदय ने कहा कि भारतीय दर्शन में प्रवृत्ति और निवृत्ति जीवन के दो परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक आयाम हैं, जिनका संतुलन ही मानव जीवन को नैतिक, सामाजिक एवं

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह सेमिनार भारतीय दर्शन की शाश्वत परंपरा को समकालीन संदर्भों

अवधारणा को शास्त्रीय एवं समकालीन दृष्टिकोण से विस्तारपूर्वक रेखांकित किया। दर्शन परिषद, बिहार की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पूनम सिंह ने अपने वक्तव्य में नैतिक चेतना

महाविद्यालयों से पधारे विद्वानों द्वारा शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। मार्गदर्शक वक्तव्य में प्रो. (डॉ.) नागेन्द्र मिश्र ने कहा कि प्रवृत्ति और निवृत्ति जीवन की द्वंद्वात्मक नहीं, बल्कि विकासात्मक प्रक्रियाएँ हैं। मुख्य वक्ता प्रो.(डॉ.)प्रभास कुमार (नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ) ने कर्म, त्याग और सामाजिक उत्तरदायित्व के समन्वय पर प्रकाश डाला।द्वितीय तकनीकी सत्र का विषय प्रवृत्ति एवं निवृत्ति के नैतिक आयाम रहा, जिसकी अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) पूनम सिंह ने की। मुख्य वक्ता डॉ. फौजिया परवीन, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र, ओरिएंटल कॉलेज, पटना ने कहा कि आधुनिक जीवन

आनंद वत्स, अकादमिक प्रमुख गौरव सिंह व अन्य थे।

## आरपीएम कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई



पटना सिटी। चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कॉलेज में दर्शन शास्त्र विभाग की ओर से दर्शन परिषद्, बिहार के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रवृति एवं निवृति विषय पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए शुक्रवार को सिक्कम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि भारतीय दर्शन में प्रवृति व निवृति जीवन के परस्पर पूरक आयाम हैं। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या प्रो डॉ. पूनम ने की। सेमिनार में परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रो डॉ आरसी सिन्हा,दर्शन परिषद बिहार की अध्यक्ष प्रो डॉ पूनम सिंह की अध्यक्षता में दो सत्र आयोजित हुई। जिसमें प्रो डॉ प्रभात कुमार और ओरियटल कॉलेज की डॉ फौजिया परवीन ने विचार रखे।

शाडग किया गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

## इंटर कॉलेज व विवि में आरपीएम छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर



पटना सिटी/संवाददाता। आरपीएम कॉलेज की अर्चना कुमारी ने शास्त्रीय नृत्य सोलो में और स्नेहा कुमारी श्रीवास्तव ने काव्य पाठ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता जेडी विमेंस कॉलेज में आयोजित की गई थी। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इंटर कॉलेज नाटक प्रतियोगिता में अनिशा, वैष्णवी, कविता, ट्विंकल, राखी, शिवानी, पुष्पा, प्रियंका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता एएन कॉलेज में आयोजित की गई थी। इसके बाद 22 मार्च को बिहार दिवस के अवसर पर इंटर यूनिवर्सिटी डांस प्रतियोगिता हुआ था। इसमें मगध विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और पटना विश्वविद्यालय सहित अनेक विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। अर्चना कुमारी ने यहां भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर अपने कॉलेज और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं की इस

## महाविद्यालय की छात्रों के लिए दो दिवसीय मधुबनी पेंटिंग कार्यशाला



दस्तक प्रभात प्रतिनिधि

पटना सिटी। आर.पी.एम. महाविद्यालय के गृहविज्ञान विज्ञान द्वारा पारंपरिक लोक कला को प्रोत्साहित करने एवं स्वरोजगार के उद्देश्य से दो दिवसीय 'मधुबनी पेंटिंग' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग समापन समारोह में अपने संबोधन में कहा मधुबनी पेंटिंग हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। इस प्रकार की कार्यशालाऐं छात्राओं की रचनात्मकता को निखारने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करती है। गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष (प्रो.) डॉ रजिया नसरीन के मार्गदर्शन में

## आरपीएम महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



दस्तक प्रभात प्रतिनिधि

पटना सिटी। आर.पी.एम. महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहजनक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय की छात्राओं में खेल भावना, टीमवर्क, मानसिक एकाग्रता तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास सिद्ध हुई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी दीपाली नंदा, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डी. एस. डब्लू. राजीव रंजन और पटना सिटी की वार्ड पार्षद तारा देवी उपस्थिति रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्राओं को खेल के महत्व के बारे में विस्तार विकास होता है जो किसी भी छात्र के शैक्षणिक जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने संबोधन में डिंड ने कहा की छात्राओ को अपने हुनर को पहचानकर आगे आना चाहिए, स्पोर्ट्स इंचार्ज मुकेश कुमार ने कहा की ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को मंच प्रदान करते हैं। ये छात्राओं के हुनर को विकसित करता है और उन्हें आम से खास बनाता है।प्रतियोगिता में अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। कैरम में प्रथम स्थान खुशबू कुमारी, कुमारी, निशा कुमारी, ज्योति शर्मा और मोनिका कुमारी थी। इस खेल प्रतियोगिताओं की चैंपियन मोहिनी गुप्ता रही।प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षकों की सक्रिय उपस्थिति रही। छात्राओं ने स्वप्रेरणा से उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो० अंजू जैन ने किया और धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डॉ० पूनम के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सम्पन्न करने में क्रीड़ा समिति प्रभारी डॉ० पूनम कुमारी,

## आरपीएम कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**पटना सिटी/संवाददाता।** आरपीएम कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता छात्राओं में खेल भावना, टीम वर्क, मानसिक एकाग्रता तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास साबित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. डॉ पूनम ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी दीपाली नंदा, पाटलिपुत्र विवि के डीएसडब्लू राजीव रंजन और वार्ड 62 की पार्षद तारा देवी उपस्थित रहीं। प्राचार्या ने छात्राओं को बताया कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास का सशक्त औजार है। खेल से मानसिक एकाग्रता, निर्णय क्षमता और धैर्य का

## आरपीएम कॉलेज में हेल्थ सेंटर द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन



दस्तक प्रभात प्रतिनिधि

पटना सिटी।आर.पी.एम. महाविद्यालय में हेल्थ सेंटर द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में छात्राओं को अवगत कराया गया तथा छात्राओं की निःशुल्क नियमित स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या (प्रो.) डॉ. पूनम के द्वारा किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से आप तन और मन दोनों से सदैव स्वस्थ रहेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नियमित स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार, व्यायाम और पर्याप्त नींद अत्यंत आवश्यक है। समय पर उठना, सोना और खाना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। स्वच्छता अपना कर ही बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन (हेल्थ समन्वयक ) डॉ. प्रीति कुमारी एवं (सह संयोजक) डॉ. नुजहत जहाँ के द्वारा किया गया।

www.jagran.co

**समाचार सार**

## शतरंज में आरपीएम कालेज को तीसरा स्थान



विजेता छात्राओं को सम्मानित करतीं प्राचार्या। ● सौ. कालेज

**जागरण संवाददाता, पटना सिटी:** अंतर विश्वविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कालेज को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कालेज का प्रतिनिधित्व कर रही छात्रा मोहिनी कुमारी, अमृता गिरि व जूली कुमारी को प्राचार्या डा. पूनम ने सम्मानित किया। सम्मान कार्यक्रम में खेलकूद प्रभारी डा. पूनम, डा. वीणा कुमारी, डा. पवन कुमार, डा. अमोल कुमार ने विजेता छात्राओं का हौसला बढ़ाया।

पटना सिटी ( आसस )। स्थित आरपीएम कालेज का प्राचीन इतिहास के अध्ययन छात्रओं का दल शैक्षणिक



के लिए पुरातत्व स्थल भ्रमण किया।. शैक्षणिक कुम्हरार का चौक शिकारपुर भ्रमण के लिए दल को प्रो डॉ पूनम ने रवाना किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को फिल्ड स्टडी से के माध्यम से सीखने की प्रवृति पर बल दिया।

इस दौरान प्राचीन इतिहास से जुड़े सवालों को पूछा गया. शैक्षणिक भ्रमण में संयोजक डॉ मनोज कुमार, डॉ. प्रीति कुमारी,डॉ. अमोल कुमार व डॉ दशरथ मंडल शामिल थे।

कुम्हरार पार्क में प्राचीन मौर्य सम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र के भग्नावशेष को देखा और जानकारी हासिल की।

प्रो. सुरेंद्र प्रसाद ने एक जानकारी दी है. विश्वविद्य जनजाति तथा सभी वर्ग जाये। प्राचार्य ने कहा कि शुल्क ही आय का मुख गतिविधियां तथा शिक्षको नहीं लेने की स्थिति संस्थ स्पष्ट किया कि महाविद्या नीति का पूर्ण समर्थन क कॉलेज होने के कारण बि व्यवस्था के शुल्क न ले और नियमित संचालन प्राचार्य ने सरकार से अ रहित महाविद्यालयों की में रखते हुए इस नीति पर ताकि संस्थानों का सुचा हो और शिक्षा व्यवस्था

की टोली सम्मेद शिखर, झारखंड के लिए

## होली पंरपरा में आधुनिकता पर संगोष्ठी

पटना सिटी। चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कॉलेज में होली परंपरा में आधुनिकता विषय पर संगोष्ठी व होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो डॉ पूनम ने कहाकि होली रंगों का त्योहार नहीं,संस्कृति व परंपरा को जोड़ने का उत्सव है। संचालन डॉ अंजू जैन व डॉ रजिया नसरीन ने किया। मौके पर छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी व पहेली प्रतियोगिता हुई। जिसमें अर्चना, स्नेहा, संजना, आयुषी, राधा, रिया शामिल थी।

हिन्दुस्तान 28.2.2026

Printed by : Choudhary Offset Printers, Abulas Lane, Machuwa Toli, Patna - 4, Mob. : 9835253591